# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(चौदहवां सत्र)**

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## सोमवार, 6 मार्च, 2017/ 15 फाल्गुन, 1938 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 24**

----

### खेत संरक्षण योजना

*3708 **श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष प्रदेश में मुख्य मंत्री खेत संरक्षण योजना के अन्तर्गत कितने किसान लाभान्वित हुए; इस योजना के क्या मापदण्ड हैं; प्रति सभा पटल पर रखें?

----

### कर्मचारियों का नियमितीकरण

*3709 **श्री जय राम ठाकुर(सिराज़) :**
**श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में विभिन्न विभागों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कितने कर्मचारी कार्यरत हैं; और

(ख) सरकार क्या इन कर्मचारियों को नियमित करने के लिए नीति बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें ?

----

## नई बसें

***3710 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में हिमाचल पथ परिवहन निगम के हमीरपुर डिपो में बसों की कितनी संख्या है और बसों के अभाव के कारण कितने रूट बन्द हैं; ब्यौरा दें;

(ख) गत एक वर्ष में निगम द्वारा ज़िला हमीरपुर में कितनी नई बसें चलाई गईं; ब्यौरा डिपोवार दें; और

(ग) सरकार हमीरपुर डिपो हेतु अतिरिक्त बसें कब तक उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## सड़क का सर्वेक्षण

***3711 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) हाल ही में सरकार द्वारा चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की ग्राम पंचायत खुशनगरी में सक्लोगा-टटरोग (Tatrog)-शल्हान सड़क का सर्वे किया गया; ब्यौरा दें; और

(ख)सरकार कब तक इस सड़क का कार्य आरम्भ करवाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## प्रवेश हेतु सीटें

***3712 श्री संजय रतन (ज्वालामुखी):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में स्थापित सरकारी व गैर-सरकारी तकनीकी शिक्षा संस्थानों (आई0 टी0 आई0, पॉलिटेक्निकल और इंजीनियरिंग कॉलेज) में प्रवेश हेतु प्रथम वर्ष में कितनी-कितनी सीटें उपलब्ध हैं; और

(ख) गत तीन वर्षों में कितनी-कितनी सीटें खाली रह गईं, इनमें प्रवेश के लिए न्यूनतम कितने प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं; ब्यौरा दें?

----

## ट्रांसफार्मर की स्थापना

***3713 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत चार वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बिजली के कितने ट्रांसफार्मर व खम्भे स्थापित किए गए; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि इस निर्वाचन क्षेत्र के कई स्थानों के लिए और बिजली के ट्रांसफार्मर व खम्भे स्वीकृत किए गए हैं परन्तु अभी तक स्थापित नहीं किए गए हैं; ब्यौरा कारणों सहित दें; और

(ग) इनको स्थापित करने हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कितनी व्यय की गई; ब्यौरा दें?

----

## भवन निर्माण

***3714 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि राजकीय उच्च विद्यालय हलाण-I में छात्र-छात्राओं को शिक्षा किराये के भवन में लेनी पड़ रही है;

(ख) यदि हां, तो इस भवन का किराया कितना है और कितने वर्षों से विभाग द्वारा दिया जा रहा है; और

(ग) सरकार द्वारा इस विद्यालय के भवन निर्माण हेतु क्या पग उठाए गए हैं?

----

## Construction of Building

***3715 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the land for construction of building of ITI Lachori in District Chamba has been transferred in the name of Department;

(b) how much funds are available for the construction of building; and

(c) by when the work is likely to start?

----

## विभिन्न श्रेणियों की रिक्तियां

***3716 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; इन्हें कब तक भर दिया जायेगा; ब्यौरा श्रेणीवार दें?

----

## Bus Fleet

***3717 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that fleet of 65 buses is required including 10 mini buses for link roads to cover all routes of Lahaul-Keylong Depot;

(b) how many new buses have been given to Keylong Depot and by when the fleet of buses will be complete after the replacement of old buses;

(c) whether the department proposes to open a Sub-Depot at Kaza; and

(d) by when the department proposes to start (Kaza- Rewalsar) Yoche-Rewalsar route in public interest?

----

## भवन निर्माण

***3718 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा व रक्कड़ की कक्षाएं कौन-कौन से स्कूलों में कब-कब से चल रही हैं;

(ख) सरकार द्वारा इन महाविद्यालयों के भवन निर्माण हेतु क्या पग उठाए गए हैं; और

(ग) इन महाविद्यालयों के लिए कितनी-कितनी भूमि शिक्षा विभाग के नाम हस्तांतरित कर दी है; भूमि की क्या किस्म है; ब्यौरा दें?

----

## उतराला -होली सड़क

***3719 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार ने होली से उतराला सड़क का निर्माण कार्य आरम्भ किया था; यदि हां, तो कितने किलोमीटर कार्य पूर्ण हो चुका है और कितना शेष है; और

(ख) सरकार शेष कार्य को कब तक करवाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## सोलर लाईट

***3720 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि वर्ष 2016-17 में सोलर लाईट मिशन के अन्तर्गत केन्द्र सरकार से धनराशि प्राप्त हुई है;

(ख) यदि हां, तो कितनी; इस योजना के अन्तर्गत क्या 90% अनुदान और 10% पब्लिक शेयर है; और

(ग) इस योजना के अन्तर्गत सरकार क्या विधायक विकास निधि योजना के अन्तर्गत पब्लिक शेयर प्रदान करने का प्रावधान करेगी; यदि हां, तो कब तक?

----

## वेतन वृद्धि को बहाल करना

***3721 श्री बम्बर ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि यू0 जी0 सी0 मानकों के अन्तर्गत वर्ष 1986 से कॉलेज प्राध्यापकों को मिलने वाली एम0 फिल0 व पी0 एच0 डी0 की इन्क्रीमेंट दिनांक 1 अक्तूबर, 2014 के उपरान्त बन्द कर दी है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस इन्क्रीमेंट को पुनः बहाल करने का विचार रखती है?

----

## पाठशालाओं की अधिसूचना

***3722 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि वर्ष 2011-12 में पूर्व सरकार ने देहरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के

अन्तर्गत राजकीय उच्च पाठशाला खबली व ध्वाला को उन्नयन करने की अधिसूचना जारी की थी; और

(ख) यदि हां, तो वर्तमान सरकार द्वारा इन पाठशालाओं की अधिसूचना को किन कारणों से रद्द किया गया; ब्यौरा दें?

----

## रिहाला-शरद सड़क

***3723 डॉ0 राजीव सैजल (कसौली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत प्रस्तावित रिहाला से शरद सड़क के निर्माण की DPR की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## थानापलां विद्युत परियोजना

***3724 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जोगिन्द्रनगर के थानापलां में निर्माणाधीन विद्युत परियोजना की अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) इस योजना हेतु किस-किस विभाग से Clearance मिलनी शेष है; और

(ग) इसका कार्य कब तक प्रारम्भ हो जाएगा?

----

## नाहन बस अड्डे की स्थिति

***3725 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हिमाचल पथ परिवहन निगम नाहन बस स्टैंड के भवन में कितने किरायेदार हैं; टैक्सी स्टैंड को मिलाकर कितना किराया वार्षिक प्राप्त होता है; ब्यौरा नाम एवं किराए की दर सहित दें;

(ख) यह सत्य है कि नाहन बस अड्डे में गड्ढे पड़े हैं; यदि हां, तो इसके रख-रखाव हेतु विभाग क्या पग उठा रहा है; ब्यौरा दें; और

(ग) इस बस अड्डे पर कितने कर्मचारी/अधिकारी तैनात हैं; ब्यौरा उनके पद व नाम सहित दें?

----

## Primary Schools in Chamba

***3726 Sh. B.K. Chauhan (Chamba):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) how many Primary Schools in Chamba Constituency are having less than fifteen students;

(b) how many teachers are working in each such Schools; and

(c) what is the number of rooms available in each School of Constituency to accomodate the students and how many schools have no Government accomodation till date?

----

## करूणामूलक आधार पर नियुक्तियां

***3727 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में कितने पात्र व्यक्तियों को करूणामूलक आधार पर नौकरी दी गई; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) ऐसे कितने अभ्यर्थी हैं जिन्हें दिनांक 15.02.2017 तक नौकरी नहीं दी गई है; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ग) सरकार द्वारा करूणामूलक आधार पर नौकरी देने हेतु क्या मापदण्ड निर्धारित किए गए हैं; ब्यौरा दें?

----

## बस अड्डा

***3728 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि भंजरारू में बस अड्डा लम्बे समय से स्वीकृत है ; यदि हां, तो इसका कार्य कब तब प्रारम्भ किया जाएगा?

----

## स्कूल भवनों हेतु स्वीकृत धनराशि

***3729 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत चार वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान और सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत कितनी धनराशि नई पाठशालाओं के भवन निर्माण एवं मरम्मत हेतु स्वीकृत की गई तथा इसमें से कितनी धनराशि व्यय की गई; यह कार्य किस एजेन्सी को दिया गया; ब्यौरा स्वीकृत व व्यय की गई राशि का पाठशालाओं के नाम सहित दें ?

----

## Permanent Marketing Yard

***3730 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that there is no permanent marketing yard in Lahaul Spiti ; and

(b) if yes, has department proposed one at Dalang and what steps the department is taking for its early construction in public interest?

----

## पार्वती ब्यास संगम

***3731 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि भून्तर में पार्वती ब्यास संगम पर राष्ट्रीय उच्च -मार्ग मण्डल पण्डोह के अन्तर्गत पुल निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत हो चुकी है; जिसमें से 1,23,31,129/- रूपये की धनराशि विभाग को प्राप्त भी हो चुकी है और निर्माण कार्य भी दिनांक 16.7.2016 को M/S Gorsi Construction Company Pvt. Ltd. को दे दिया है; और

(ख) यदि हां, तो निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांक: 18 फरवरी, 2017.** **सचिव।**